हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 इलाके भर में उत्साह व उमंग से मना रोशनी का...



07 घर-घर हुई गोवर्धन पूजा, जगह जगह हुए ...



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने किया हार्टफुलनेस ध्यान



**विदिशा।** मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच और तनाव मुक्त कार्यशैली की दिशा में सार्थक पहलपुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी शिखा भलावी के नेतृत्व में आज 21 अक्टूबर को थाना शहर गंजबासौदा में हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) पीएचक्यू भोपाल रुचिवर्धन मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मप्र के हार्टफुलनेस समन्वयक गजेन्द्र गौतम, हार्टफुलनेस प्रशिक्षक शिखा भलावी, थाना प्रभारी संजय बेदिया एवं मनोज दुबे उपस्थित रहे। सत्र के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहज मार्ग की रिलेक्सेशन, ध्यान, सफाई एवं प्रार्थना की पद्धतियों का गहन अभ्यास कराया गया।

### बिहार चुनाव प्रचार में ताकत झोंकेंगे रवि साहू

**विदिशा।** बिहार के खगड़िया जिले के कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए विदिशा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव रवि साहू को नियुक्त किया गया है।



रवि साहू मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के मार्गदर्शन में चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने साहू को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

### मंदिरों में ध्वज यात्रा 30 को निकाली जाएगी

**विदिशा।** रामलीला मेला समिति द्वारा रामनवमी के पर्व पर मंदिरों के ध्वजों की उदयगिरि परिक्रमा 30 अक्टूबर गुरुवार को सुबह 9 बजे प्रधान संचालक पंडित चंद्रकिशोर मिश्र शास्त्री के निवास विश्वानाथ शास्त्री पुरम चौपड़ा से निकाली जाएगी। ध्वज यात्रा गणेश मंदिर बड़ा बाजार पहुंचकर संपन्न होगी। रामलीला मेला समिति के मानसेवी सचिव डॉ. अनिल शर्मा ने ध्वज यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### चौधरी रघुवीर प्रसाद शर्मा को श्रद्धांजलि

**विदिशा।** ग्राम देवखजूरी में चौधरी जगदीश प्रसाद, सुनील के बड़े भाई एवं गणेश, दीपेश और दीपक के पिता चौधरी रघुवीर प्रसाद शर्मा का 19 अक्टूबर को निधन हो गया है।



उनके निधन पर पूर्व सांसद प्रतापभानू शर्मा, राजेश दुबे बर्रो, अटल तिवारी सहित कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

## दीपावली के बाद बढ़े नेत्र रोगी तब हरकत में आई दोनों थानों की पुलिस ने की कार्रवाई

आंखों में जलन और रोशनी जाने की कई शिकायतें सामने आईं

# कार्बाइड गन बेचने वाले महाराष्ट्र के 7 आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

**सिविल लाइन और कोतवाली पुलिस ने ने पीवीसी पाइप से बनी खतरनाक कार्बाइड गन बेचने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें से 5 आरोपी महाराष्ट्र के रहने वाले हैं और सिविल लाइन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर यह गन बेचने का काम कर रहे थे। पुलिस ने उनके पास से बड़ी संख्या में कार्बाइड गन जब्त की हैं। टीआई आरके मिश्र ने बताया कि दीपावली के दौरान इस तरह की गन का उपयोग बच्चों द्वारा खेल-खेल में किया जा रहा था, जिससे कई बार हादसे हो रहे थे। इसके चलते पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर आरोपियों को पकड़ा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शहर में 'कार्बाइड गन' बेचने वाले 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह पीवीसी पाइप से बनाकर बेच रहे थे, जिससे लोगों की आंखों को खतरा था। जिले में अब तक 'कार्बाइड गन' की वजह से प्राइवेट अस्पताल में 20 और विदिशा मेडिकल कॉलेज में 17 बच्चे इलाज के लिए पहुंचे हैं। 37 बच्चों की आंखों की रोशनी 50% से 95% तक खोई है।

गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों का संबंध महाराष्ट्र से बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, ये देसी कार्बाइड गन पटाखों की दुकानों और बाजारों में आसानी से उपलब्ध थीं। सोशल मीडिया पर देखने के बाद बच्चों में ऐसे खिलौनों की मांग बढ़ गई थी, जिसके परिणामस्वरूप कई दुर्घटनाएं और चोट लगने के मामले सामने आए। इन गनों में कैल्शियम कार्बाइड भरा होता है, जो पानी के संपर्क में आने पर एसिटिलीन गैस बनाता है। यह गैस विस्फोट बहुत खतरनाक होता है और आंखों व चेहरे पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। पुलिस ने इसे रोकने के लिए कार्रवाई की है। वहीं, डॉ. मनीष निगम नेत्र रोग विशेषज्ञ ने बताया कि पटाखों और कार्बाइड गन से निकलने वाले धुएं और जहरीली गैस से लोगों की आंखों पर बुरा असर पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों में ऐसे मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। डॉक्टरों ने खास तौर पर बच्चों को इन खतरनाक वस्तुओं से दूर रहने की सलाह दी है। पुलिस ने कार्बाइड गन की बिक्री को रोकने के लिए पूरे शहर में निगरानी बढ़ा दी है और लोगों से भी ऐसे अवैध उत्पादों की जानकारी तुरंत देने की अपील की है।



विदिशा। प्लास्टिक के पाइप से बनी गन के साथ आरोपियों को दबोचा।

### भारी मात्रा में कार्बाइड पुड़िया जब्त

थाना कोतवाली और थाना सिविल लाइन पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान में कुल 228 प्लास्टिक गन और 102 कार्बाइड पुड़िया (करीब 4 किलोग्राम) जब्त की गई हैं। थाना सिविल लाइन पुलिस ने अहमदपुर रोड बायपास क्षेत्र में दबिश देकर 192 प्लास्टिक गन और 65 कार्बाईड पुड़िया (करीब 3 किलोग्राम) बरामद कर 5 आरोपियों विनोद मोहिते, हरिसिंह चौहान, अरुण चौहान, दिनेश चौहान और गजानन चौहान सभी निवासी ग्राम दधम, जिला बुरधाना (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया। वहीं थाना कोतवाली पुलिस ने रामलीला मैदान क्षेत्र से 36 प्लास्टिक गन और 37 कार्बाईड पुड़िया (करीब 1 किलोग्राम) जब्त कर 2 आरोपियों को पकड़ा।

### कार्बाइड गन छोटे बम की तरह

दीपावली की रात देसी कार्बाइड गनचलाने से 37 बच्चों की आंखें बुरीतरह घायल हो गईं। इनमें से 20 बच्चों की 50 प्रतिशत तक रोशनी चली गई है। 8 बच्चों की आंखों की रोशनी 95 प्रतिशत तक खत्म हो चुकी है। डॉक्टरों के अनुसार इनकी आंखें पूरीतरह खराब हो चुकी हैं। बाकी 20 बच्चों की आंखों की रोशनी बचाने केलिए डॉक्टर लगातार ऑपरेशन कर रहे हैं। घायलों में 13 से 18 साल के बच्चे शामिल हैं। 20 से 25 साल कीउम्र के 5 युवक भी हादसे का शिकार हुए हैं। 20 बच्चे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हुए। 17 बच्चों का इलाज विदिशा मेडिकल कॉलेज में हुआ। डॉक्टरों ने बताया कि हादसे पीवीसी पाइप में कार्बाइड भरकर गन चलाने से हुए। सोशल मीडिया पर वीडियो देखकरबच्चे इस तरह की गन बना रहे हैं। खेलते समय हादसे हो रहे हैं।

# 900 गायों वाली गोशाला में पहुंचे कलेक्टर व जनप्रतिनिधि

### गोबर से दीपक बनाकर महिलाओं को मिला रोजगार



विदिशा। उदयगिरि स्थित दयोदय गौशाला में कलेक्टर ने किया गायों का पूजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

उदयगिरि स्थित दयोदय श्री विद्यासागर गो संवर्धन केंद्र गोशाला में गोवर्धन पूजन का आयोजन किया गया।

यह गोशाला 900 से अधिक गोवंश की सेवा का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करती है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि दयोदय गोशाला एक आदर्श गोशाला के रूप में कार्य कर रही है। यहां बायोगैस उत्पादन से लगभग 25 घरों को गैस की आपूर्ति की जा रही है, जबकि शेष गोबर से जैविक खाद तैयार की जाती है।

उन्होंने बताया कि दीपावली पर गोबर से बने दीपकों की अच्छी मांग रही, जिससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मिला। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि यह गोशाला निराश्रित गोवंश के लिए एक महत्वपूर्ण आश्रयस्थल बन चुकी है। यहां गायों की सेवा परिवार के सदस्य की तरह की जाती है। उन्होंने रोजगार सृजन के लिए गोबर से विभिन्न उत्पाद तैयार करने के प्रयासों की भी सराहना की। यह गोशाला आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद और मार्गदर्शन में शुरू हुई थी। आकाश जैन की टीम पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ गोवंश की सेवा में दिन-रात लगी रहती है। गोशाला प्रबंधन ने सभी गो प्रेमियों और संचालकों से एक बार यहां आकर व्यवस्थाओं का अवलोकन करने का आग्रह किया, ताकि वे स्वच्छ वातावरण, स्वास्थ्य देखभाल और स्वरोजगार के इंतजामों से प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, भाजपा नेता संदीप डोंगर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने मेडिकल कॉलेज में घायल बच्चों से की मुलाकात

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने की बेहतर इलाज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को मेडिकल कॉलेज पहुंचा, जहां देशी कार्बाइड गन के फटने से घायल हुए बच्चों का इलाज चल रहा है। हादसे में कई बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं और कुछ की आंखों की रोशनी तक प्रभावित हुई है।

जिला अध्यक्ष रघुवंशी ने घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जाना तथा मेडिकल कॉलेज के डीन से बातचीत कर बेहतर उपचार और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, जिसमें मासूम बच्चे लापरवाही का शिकार हुए हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता दे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उनके इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत दांगी, अर्पित उपाध्याय, जितेंद्र तिवारी, राजकुमार पासी, पर्वत गौड़, अशद खान, गोविंद भार्गव, मुबीन खान, जयंत अग्रवाल और तोशिफ खान सहित अन्य मौजूद रहे। यह जानकारी प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने दी है।



### छेड़छाड़ व पॉक्सो प्रकरण में 3 को किया गिरफ्तार

**विदिशा।** महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति सतर्कता दिखाते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। 19 अक्टूबर को नाबालिग बालिका ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 अक्टूबर की शाम धर्म अधिकारी चौराहे के पास कुछ युवकों ने उससे छेड़छाड़ की। घटना के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई, जिसने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। जांच में मोटरसाइकिल आर 15 से जुड़े संदिग्ध की पहचान अमन खान निवासी पुरनपुरा के रूप में हुई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने अमन खान, सुब्बी उर्फ सुबूल ईखान और सलीम खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से शहर में कानून व्यवस्था पर भरोसा मजबूत हुआ है।

# चोरी की वारदातों का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार, 1.80 लाख का माल बरामद

### कोतवाली पुलिस की कार्रवाई: बाइक, सोने-चांदी के गहने और नकदी मिली वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कोतवाली पुलिस ने चोरी के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के गहने एवं नगदी सहित कुल 1 लाख 80 हजार का मशरूका बरामद किया है।

साथ ही 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहनगिरी, काछी मोहल्ला, पटेल गार्डन और तिलकचौक इलाके में हाल ही में हुई चोरी की वारदातों के बाद पुलिस ने इन मामलों की जांच तेज की थी। इन प्रकरणों में थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज किए गए थे। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी जयंत पिता कालूराम लोधी (26) निवासी ग्राम जांबर बागरी, मजहर उर्फ मल्लू पिता अफसर पठान (20) निवासी बेस दरवाजा, विदिशा, तथा अजय मांझी पिता हल्के राम मांझी निवासी मंडी गेट के पास से पुलिस ने आरोपियों से चोरी गई स्प्लेंडर बाइक व सोने-चांदी के आभूषण नकदी बरामद की है। थाना कोतवाली पुलिस की इस कार्रवाई से शहरवासियों में राहत और संतोष की भावना है। पुलिस अधीक्षक ने टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की है।



### यादव समाज ने ढोल बजाकर निकाला पाड़ों का जुलूस



विदिशा। बुधवार को यादव समाज द्वारा पाड़ों का जुलूस निकाला गया।

### खेल शिक्षक पद वृद्धि कर पुनः परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग

**विदिशा।** ग्राम पथरिया हेलीपैड पर बीपीएड संघ के पदाधिकारी ने डॉक्टर मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा कर माध्यमिक एवं प्राथमिक खेल शिक्षक भर्ती 2024 में पद वृद्धि और पुनः परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग की है। बीपीएड संघ प्रदेश संगठन मंत्री का कहना है कि वर्ष 2006 के बाद यह पहली बार है जब खेल शिक्षक विषय के लिए सीधी भर्ती निकाली गई है। परीक्षा अप्रैल 2025 में आयोजित की गई थी और परिणाम 25 सितंबर 2025 को घोषित हुआ, लेकिन घोषित पदों की संख्या अत्यंत सीमित है। मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में शारीरिक शिक्षा और खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग माना गया है, इसके बावजूद प्रदेश के अधिकांश शासकीय विद्यालयों में खेल शिक्षकों के पद खाली हैं। उन्होंने बताया कि राजपत्र में स्वीकृत पदों की संख्या स्कूल शिक्षा विभाग में माध्यमिक खेल शिक्षक 507 और प्राथमिक खेल शिक्षक 1087 है, जबकि जनजातीय कार्य विभाग में माध्यमिक 208 और प्राथमिक 840 पद हैं। वहीं पोर्टल पर 1048 और 2305 रिक्तियां प्रदर्शित की गई हैं, किंतु भर्ती प्रक्रिया में इन्हें शामिल नहीं किया गया। भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित माध्यमिक खेल शिक्षक 338 एवं प्राथमिक खेल शिक्षक 1377 पदों ही प्रदर्शित किए।

### सांसद कप प्रतियोगिता में कपिल देव व केंद्रीय मंत्री मांडविया भी होंगे शामिल

**विदिशा।** 30 अक्टूबर से सांसद कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा के लिए अपने संसदीय क्षेत्र के विधायकों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि सांसद कप का शुभारंभ कपिल देव और डॉ. मनसुख मांडविया की विशेष उपस्थिति में होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 26 अक्टूबर को विदिशा आएंगे और एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। इस बार विदिशा में चार प्रमुख खेलों का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर रस्सीकूद और चम्मच दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया जाएगा।

### सीएम डॉ. मोहन यादव बल्लाखेड़ी पहुंचे, शोक संवेदनाएं व्यक्त की

# संघ के मालवा प्रांत के प्रांत प्रचारक के पिता का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को विदिशा जिले के ग्राम बल्लाखेड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने शोकाकुल परिवार से भेंटकर परिवार के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत के प्रांत प्रचारक राजमोहन बघेल के पिताजी स्वर्गीय विशाल सिंह बघेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस अवसर पर परिवार के सदस्यों से आत्मीय संवाद करते हुए उनका ढांढस बंधाया है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने परिवारजनों और ग्रामीणों के हृदय को भावविह्वल कर दिया। वातावरण में गहन श्रद्धा और संवेदना का भाव व्याप्त रहा। प्रभारी मंत्री लखन पटेल, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा नेता कैलाश रघुवंशी ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर पारिवारिक सदस्यों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, कलेक्टर अंशुल समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# श्री गोपाल गोशाला मेहलुआ चौराहा में श्रद्धा और उल्लास से हुआ गोवर्धन पूजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

ग्राम पंचायत मेहलुआ चौराह स्थित गोपाल गौशाला समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गोवर्धन पूजन एवं गो पूजन कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गिरिराज गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना और परिक्रमा से हुआ। इसके बाद गौ माता का विधिवत पूजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों और अतिथियों ने मिलकर गौ सेवा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह डाबरी, विधायक हरि सिंह सप्रे, एसडीएम मनीष जैन, जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर और राजेश लोधी उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि गौ माता हमारी संस्कृति की आत्मा हैं, उनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने गौशाला समिति के कार्यों की सराहना करते हुए ग्रामवासियों से इस परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। एसडीएम मनीष जैन और जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, श्रद्धा और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं।



## खबर संक्षेप

### श्री काल सेन भैरव बाबा मंदिर में दोज मनाई



**गंज बासौदा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कालसेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक पर दीपावली दोज पर भैरव बाबा के दरबार को विशेष रूप से सजाया गया। पूजन, अभिषेक कर हवन सत्यनारायण व्रत कथा के पश्चात दोपहर में बाबा की महा आरती हुई। कार्यक्रम के अंत में खीर के प्रसाद का वितरण किया गया।

### कृषि मंडी में मुहूर्त की खरीदी आज

**गंजबासौदा।** दीपावली के बाद गुरुवार को कृषि मंडी में व्यापार का शुभ मुहूर्त होगा। परंपरा के अनुसार व्यापारी वर्ग दूज के दिन नए साल के लिए व्यवसाय की शुरुआत करते हैं। अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ के कोषाध्यक्ष सुखजीत सिंह ने बताया कि दीपावली पूजन के बाद मंडी में कामकाज गुरुवार से शुरू होगा। इस दिन नीलामी में प्रतिस्पर्धा के अनुसार बोली लगाकर किसानों से अनाज खरीदी की जाएगी। खरीफ फसल की कटाई पूरी हो चुकी है। किसान अब बोवनी की तैयारी में लगे हैं। रवि फसल के लिए खेतों की जुताई और बुवाई कर रहे हैं। ऐसे में कई किसान सोयाबीन लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। मुहूर्त के दिन व्यापारी किसानों से माल तो खरीदेंगे ही, साथ ही उनका स्वागत तिलक,पुष्प और माला से करेंगे।

### किराना दुकान में चोरी



**गंजबासौदा।** गत दिवस नेहरू चौक स्थित किराना दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। अज्ञात चोर दुकान के शटर के ताले तोड़कर नगदी और किराना सामान चुरा ले गए। जिससे दुकानदार को हजारों रुपये का नुकसान हो गया। जिसकी शिकायत पीड़ित दुकानदार ने सिटी पुलिस थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।

### भगवान श्री चित्रगुप्त व कलम दवात पूजन आज

**गंजबासौदा।** कार्तिक मास दिवाली दूज पर प्रतिवर्ष अनुसार देवनगरी बेहलोट स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति द्वारा आज चित्रगुप्त पूजन कथा, छप्पन भोग महाआरती, सम्मान समारोह एवं सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होंगे जो की देर रात तक संपन्न होंगे। इस अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में विशेष साज सज्जा एवं श्रृंगार महिला मंडल द्वारा किया जाएगा। समिति ने सभी कायस्थ परिवारों से आयोजन में अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# शंभू ने चिंगारी को हराकर जीती पाड़ों की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बुधवार को दोपहर के समय रजोदा रोड़ पर पाड़ों की लड़ाई का आयोजन किया गया। इस बार शंभु नामक पाड़ा ने चिंगारी को हराकर खिताब अपने नाम किया। यह परंपरा 45 वर्षों से चली आ रही है, जिसे देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हुए। लड़ाई की शुरुआत धीमी रही, लेकिन अचानक यह तेज हो गई। शंभु ने अपने प्रतिद्वंद्वी चिंगारी को पराजित कर जीत हासिल की। लड़ाई से पहले, पड़ों को अच्छे से सजाया गया और ढोल-नगाड़ों के साथ मुख्य मार्गों से खाली मैदान पर लाया गया था। आयोजक पवन यादव ने बताया कि उनके दादा सहित समाज के अन्य लोग भी इस आयोजन को करते आ रहे हैं और अब वह इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस बार विजेता शंभु पड़ा पवन यादव का रहा। लड़ाई के बाद गोवर्धन की पूजा-अर्चना कर खीर का वितरण किया गया। इस लड़ाई को देखने के लिए बडी संख्या में लोग पहुंचे।

# जनप्रतिनिधियों ने गौशाला में गौग्रास खिलाकर किया गो पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


दीपावली के पावन पर्व पर बनवा जागीर में नगरपालिका द्वारा संचालित गौशाला में गौपूजन व गौग्रास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर उन्हें गौग्रास अर्पित किया। कार्यक्रम में जितेंद्र मैना, चंद्रशेखर दुबे, रूपेंद्र शर्मा गुड्डा, पार्षद मनीष विश्वकर्मा, संजय भावसार, अनुज यादव, सचिन श्रीवास्तव सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गोवर्धन पूजन के अवसर पर नगर में दिन भर हुए आयोजन

# इलाके भर में उत्साह व उमंग से मना रोशनी का पर्व दीपावली








हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

दीपावली का पर्व क्षेत्र भर में धूमधाम व उत्साह से मनाया गया। इस दौरान नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाया। लोगों ने अपने घरों को सजाकर, पटाखे आदि फोडे एवं जगह-जगह रंगोलियों को सजाया। ज्ञात हो कि इलाके भर में दीपावली का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी इसी उत्साह के साथ दीवाली मनाई गई। इस मौके पर लोगों ने घरों की रंगाई, पुताई करते हुए उन्हें सजाया और उनमें आकर्षक विद्युत साज सज्जा की। दीवाली पर शुभ मुहुर्त में सभी ने पूजन अर्चन कर आतिशबाजी की। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों ने भी जमकर आतिशबाजी की। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में आतिशबाजी का दौर देर रात तक चलता रहा। वहीं बुधवार को



गोवर्धन पूजन शहर सहित ग्रामीण अंचलों में हुई। लोगों ने परिवार के सदस्यों के साथ गोवर्धन पूजन की। शहर के अधिकांश मंदिरों में भी गोवर्धन पूजन अन्नकूट का आयोजन किया गया। वेदांत आश्रम में और पूर्व कृषि अधिकारी राजेन्द्र व्यास के निवास पर आकर्षक गोवर्धन बनाकर उनकी पूजन अर्चन की गई।

### मौन व्रत धारण की 12 गांवों की परिक्रमा, बरसों पुरानी परंपरा निभाई



**गंजबासौदा।** श्री देव महाराज मोनी पार्टी ने वार्ड न 2 स्थित देव महाराज के मंदिर से मौन धारण कर 12 गांव की परिक्रमा शुरू की। करीब दो दर्जन लोगों ने मौन व्रत किया। मौन पार्टी के पुराने सदस्य पन्नालाल कुशवाह ने बताया ये परंपरा करीब 100 वर्षों से चली आ रही है। इस परंपरा को स्वर्गीय दादा बसंत लाल ने शुरू किया था जिसको 60 वर्षों तक जारी रखा। उसके बाद उनके पुत्र पन्नालाल कुशवाह 30 वर्षों से जारी रखें हैं। तीसरी पीढ़ी में मोहित कुशवाह भी 8 वर्षों से पार्टी के सदस्य हैं। इस बार मौन पार्टी में पन्नालाल कुशवाह, घनश्याम कुशवाह, मनोज कुशवाह, सरवन कुशवाह, दुर्जन रैकवार, संदीप रैकवार, भगवान दास कुशवाह, भगीरथ कुशवाह, धनराज रैकवार,मोनू रैकवार, सोनू रैकवार, अंकित रैकवार,सुनील रैकवार आदि गोवर्धन परिक्रमा के रूप में आसपास के गांवों की परिक्रमा पर निकले।सबसे पहले सभी लोगों ने श्री देव महाराज की पूजन की फिर नियम अनुसार नीम की पत्तियां खाकर मौन व्रत रखा। इसके बाद यह परिक्रमा वार्ड न 1, 2, 3, बहलोत, परसौरा,कांचरोद,भडेरु, हरदूखेडी, सेमरा, इमलधाम, महागौर, पंच पीर,चक स्वरूप नगर की परिक्रमा पर निकली। व्रत धारी परिक्रमा पूरी करने के बाद ही मौन व्रत खोलते हैं। इस दौरान गांव गांव में दूध दही से स्वागत किया जाता है और जब तक मोनी पार्टी गांव में नहीं जाती तब तक गाय को कोई खोलता नहीं है, न ही गोवर्धन पूजन होती है। मोनी पार्टी द्वारा पूजन करने के बाद ही गायों को गौशालाओं से खोला जाता है।

# त्योंदा पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ट्रैक्टर चलाकर मारने की कोशिश करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को फरियादी आशीष दुबे उम्र 32 साल निवासी ग्राम बारोद ने शिकायत की थी कि ग्राम के ही सरवन कुशवाह व उसके पुत्र मनोज कुशवाह ने गोवर्धन पूजा न करने की बात पर से फरियादी के साथ गाली गलौंज कर जान से मारने की नीयत से उसे एवं उसके साथी मदनलाल शर्मा के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की थी। जिसमें दोनों के हाथ पैरों व शरीर में अन्य जगह पर चोटें आई थीं। घटना की जानकारी मिलने पर त्योंदा पुलिस द्वारा पीड़ितों को त्योंदा स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। फरियादी आशीष की रिपोर्ट पर त्योंदा पुलिस ने आरोपीगण के विरूद्ध धारा 109, 324(4), 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। जिसके बाद त्योंदा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सरवन कुशवाह उम्र 46 साल एवं मनोज कुशवाह उम्र 21 साल को 5 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर जब्त कर लिया तथा आरोपीगण को न्यायालय पेश किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी, गौरीशंकर राजपूत, सुभाष चंद्र, शिवम तोमर , हरिकेश तोमर, कला शर्मा की विशेष भूमिका रही।

### आकर्षक रंगोली बनाकर दिया भगवान राधा कृष्ण की भक्ति का संदेश



**गंजबासौदा।** दीपावली पर आकर्षक पारम्परिक रंगोली बना भगवान राधा कृष्ण की भक्ति का संदेश दिया है। इस रंगोली में अंशिता अरोरा ने राधा कृष्ण की पूजन कर दीपावली पर दर्शाया है कि कार्तिक मास में कार्तिक स्नान के साथ भागवान कृष्ण की पूजन क्यों की जाती है। राधा कृष्ण की भक्ति के साथ एकता का संदेश भी दिया गया है। अंशिता शासकीय सुभद्रा कन्या महाविद्यालय में पदस्थ अनिल अरोरा की पुत्री हैं। इन्होंने राज्य स्तर पर भी रंगोली प्रतियोगिता में भी पुरस्कार जीते हैं। दीपावली के अवसर पर श्री मंशापूर्ण हनुमान के मंदिर के पास आकर्षक रंगोली बना कर इस बार रेलगाड़ी पर सवार राधाकृष्ण के पूजन के महत्व को दर्शाया है। कार्तिक मास में जहां भगवान शिव की आराधना कर अभिषेक भी इस माह में किया जाता है। वहीं कार्तिक का पूरा महीना भगवान कृष्ण के लिए समर्पित रहता है। दीपावली पर आयोजित होने वाली परंपरा का संदेश भी दिया है। चित्र में गौवंश के पूजन के महत्व को भी दर्शाया गया है। राधा कृष्ण को बैलगाड़ी में विराजित जो चित्रण किया है। उसमें उनके गौवंश प्रेम को भी दिखाया गया है। 13 फीट में बनी रंगोली इस बार भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। खासबात यह है कि अंशिता के द्वारा बनाई रांगोली को शहरवासियों द्वारा सराहा जा रहा है। अंशिता हर वर्ष दीपावली के दूसरे दिन रंगोली बनाकर सनातन धर्म का अलग-अलग संदेश देती हैं।

### पाठक संघ ने गृहमंत्री का जन्मदिन मनाया



**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय गृहमंत्री अमित भाई शाह का जन्मदिन मनाया गया। दीपक तिवारी ने बताया कि अमित शाह अनिलचंद्र शाह का जन्म 22 अक्टूबर 1964 को हुआ। वह एक भारतीय राजनेता हैं, जो वर्तमान में मई 2019 से 32 वें और सबसे लंबे समय तक गृह मंत्री के रूप में सेवारत हैं। इसके अतिरिक्त वह जुलाई 2021 से पहले सहकारिता मंत्री हैं एवं गांधीनगर से संसद सदस्य (सांसद) भी हैं। लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोरा द्वारा बताया गया कि अमित शाह देश के ऐसे नेता है कि जिनको चाणक्य की उपाधि दी गई है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के लिए और देश के लिए कई बार संकटों से उबारा है। कार्यक्रम के अंत में आभार वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कैलाश, सुरेंद्र दांगी, नरेंद्र जैन, बबलू राय, रमेश सोलंकी, गोपाल सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### बस्ती में घर-घर बांटी मिठाई और पटाखे



**गंजबासौदा।** सावित्री महिला मंडल एवं इनर सोल ने अनोखी पहल कर घर रोशन हो सबके घर में खुशियां हो यह सोच कर दिवाली के अवसर पर आजाद नगर एवं डिडोली गांव के आदिवासी और गरीब बस्तियों में घर-घर जाकर मिठाई और पटाखे बांटे। सावित्री महिला मंडल एवं इनर सोल के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली के 2 दिन पहले से मिठाई वितरण शुरू कर दिया गया था। इनर सोल के संस्थापक आदर्श शर्मा ने बताया कि ऐसे परिवारों को जिनके घर में वास्तव में दीपक की जरूरत थी मिठाई की जरूरत थी। उन परिवारों में पहुंच कर सावित्री महिला मंडल एवं इनर सोल की टीम ने मिठाई, पटाखे, दीपक, रंगोली, कलर वितरित किए। निस्वार्थ भावना से सेवा दे रही बहनों को मिठाई, दीपक, रंगोली कलर, फुलझड़ी आदि सामग्री वितरित की। इस अवसर पर महिला बाल विकास से रविन्द्र रघुवंशी, संतोष रघुवंशी, मंडल की संरक्षक वंदना तिवारी, मंडल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनाली शेवडे, साधना दीक्षित, रश्मि देशपांडे, मधु पांडे, रीता मिश्रा, विद्या यादव, प्रिंसी शर्मा, समीक्षा शर्मा, मोहित भार्गव, शुभेन्द्र राजपूत, आरू कुलश्रेष्ठ, रौनक, शिवम आदि मौजूद थे।

## रामकथा सुनाकर दिलाया स्वदेशी, कामधेनु दीपावली मनाने का संकल्प

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने वितरित की मिठाई-कपड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार की प्रेरणा से संघ संबधित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के गौ सेवा प्रकोष्ठ जिला गंज बासौदा मध्यभारत प्रांत द्वारा बच्चों को धनतेरस, नरक चतुर्दशी एवं दीपावली क्यों मनाते है? कैसै मनाऐ? भगवान श्रीराम की कथा रामायण, उनके अयोध्या आने का पूरा वृतांत विस्तार से सुनाकर कामधेनु दीपावली स्वदेशी सामग्री के साथ मनाने व साफ-सफाई स्वच्छता का संदेश दिया गया। गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया संघ के शताब्दी वर्ष की खुशी मे गौ सेवा प्रकोष्ठ, जिले के दलित आदिवासी पिछडे वर्ग के निर्धन गरीब एक सौ परिवारो मे दीवाली की खुशिया रोशन कर रहा है। कामधेनु दीपावली मनाने एक सौ घरो मे गौ मय दीपकों से रोशनी कर दीपावली की खुशिया बाट रहा हैं। इसी के साथ गरीब निसहाय जनो को पटाखे फूलझडी के साथ साथ मिठाईया एवं शैक्षिक सामग्री, वस्त्र, जूते-चप्पल का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्याम पाल सिंह रघुवंशी ने श्रीराम का चरित्र अपनाने पतितों को गले लगाने का आहवान करते हुऐ संपूर्ण भारत मे रामराज्य स्थापित करने, स्वदेशी अपनाने आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान किया। निर्धन बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में चतर सिंह, हीरा लाल, भगवत सिंह, राजकुमारी लोधी , सोना बाई, भूला बाई सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे ।

### गंभीर घायल को समय पर एंबुलेंस न मिलने पर किया चक्काजाम

**गंजबासौदा।** राजेंद्र नगर में दोपहर बाद हुई दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे विदिशा रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को विदिशा रेफर करने के बाद एम्बुलेंस का घंटों इंतजार करने के बाद जब एंबुलेंस नहीं मिली तो घायल व्यक्ति के शुभचिंतकों और परिजनों ने घायल को लेकर अस्पताल के सामने चक्का जाम कर दिया। काफी देर तक चक्का जाम के बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। जहां घायल व्यक्ति को शीघ्र एंबुलेंस की व्यवस्था कराई। तब जाकर चक्का जाम हटाकर रोड खुलवाया गया।

# बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर बनाई रंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




विगत दिवस रेल्वे स्टेशन, पुलिस थाना परिसर में कई आकर्षक रंगोलियां बनाईं गईं। इनमें आपरेशन सिंदूर पर आधारित रंगोली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसे बनाने में बच्चों को करीब डेढ़ घंटे का समय लगा। आपरेशन सिंदूर पर आधारित इस रंगोली में इस अभियान को दर्शाया गया था। इसमें इस आपरेशन में अहम भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया को भी चित्रित किया गया। जिसने सभी का ध्यान खींचा। रंगोली पूरी होने पर थाना परिसर में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने रंगोली की तस्वीरें खींचकर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा कीं। शहर थाना के उप निरीक्षक राधेश्याम यादव ने विशेष रूप से इस कलाकृति की प्रशंसा की। भगवत चिंतन सेवा समिति के दीपेश शर्मा ने बताया कि उनकी समिति का उद्देश्य केवल अपने घर को नहीं, बल्कि पूरे शहर को सजाना है। इसी उद्देश्य से वे पिछले कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, दीपावली, होली सहित अन्य पर्वों पर बच्चे रेलवे स्टेशन, सरकारी अस्पताल, शहर थाना परिसर और तहसील सहित अन्य सामाजिक स्थानों पर पहुंचकर निशुल्क रंगोलियां बनाते हैं और शहर में जागरूकता का संदेश भी देते हैं। समिति के संस्थापक एवं विख्यात कथावाचक अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने जानकारी दी कि बच्चों को रंगोली सहित अन्य कलाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। ये बच्चे सामाजिक स्तर पर शहर को सजाने और जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थानों पर रंगोलियां बनाते हैं। जिसमें समसामयिक मुद्दे भी शामिल रहते हैं।

### पटाखा बाजार परिसर में कराई साफ, सफाई



**गंजबासौदा।** दीपावली त्योहार के चलते बरेठ रोड नए बस स्टैंड स्थित रामलीला ग्राउण्ड में आतिशबाजी की सैकड़ों दुकाने लगी थी। परिसर में एक सप्ताह से लगभग 250 से 300 दुकानें लगी हुई थी। इस दौरान प्लास्टिक पन्नी एवं कागज के डिब्बों से बड़ी मात्रा में कचरा फैला हुआ था। जिसे बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव के निर्देश पर नपा के आरके नेमा के नेतृत्व में नपा सफाई कर्मियों की मदद से साफ, सफाई कराई गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में कचरा निकला।

# घर-घर हुई गोवर्धन पूजा, जगह जगह हुए अन्नकूट के भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



दिवाली के तीसरे दिन बुधवार को गोवर्धन का त्यौहार मनाया गया। घर-घर गोवर्धन महाराज की पूजा हुई। जगह-जगह मंदिरों व प्रतिष्ठानों पर अन्नकूट भंडारे हुए। भंडारे में अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण कर लोगों ने पुण्य लाभ कमाया। गोवर्धन पर्व पर बुधवार को महिलाओं ने घर के आंगन व दरबाजे पर गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बनाई और विधि विधान से पूजन किया। वहीं मंदिरों में अन्नकूट के भंडारे हुए। गोवर्धन पूजा के दिन भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा का विधान है। इतना ही नही इस दिन 56 भोग व तरह तरह के मिठाईयों बनाकर श्रीकृष्ण को उनका भोग लगाया जाता है. इन पकवानो को अन्नकूट कहा जाता है ऐसी मान्यता है पौराणिक कथा के मुताबिक, श्री कृष्ण ने देखा कि सभी बृजवासी इंद्र की पूजा कर रहे थे. जब उन्होंने अपनी मां को भी इंद्र की पूजा करते हुए देखा तो सवाल किया कि लोग इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं उन्हें बताया गया कि वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती और हमारी गायों को चारा मिलता है. तब श्री कृष्ण ने कहा ऐसा है तो सबको गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गायें तो वहीं चरती हैं। उनकी बात मान कर सभी ब्रजवासी इंद्र की जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे। तब देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और प्रलय के समान मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठा कर ब्रजवासियों की भारी बारिश से रक्षा की थी। इसके बाद इंद्र को पता लगा कि श्री कृष्ण वास्तव में विष्णु के अवतार हैं तो उन्हें अपनी भूल का एहसास हुआ और बाद में इंद्र देवता को भी भगवान कृष्ण से क्षमा याचना करनी पड़ी। इन्द्रदेव की याचना पर भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को नीचे रखा और सभी ब्रजवासियों से कहा कि अब वे हर साल गोवर्धन की पूजा कर अन्नकूट पर्व मनाएं। तब से ही यह पर्व गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाने लगा है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन जो भी भक्त भगवान गिरिराज की पूजा करता है तो उसके घर में सुख समृद्धि बनी रहती है और गोवर्धन देवता का आशीर्वाद उस पर और उसके पशुओं पर बना रहता है. माना जाता है कि इस दिन गोवर्धन भगवान की पूजा करने से जीवन में आ रहे दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। साथ ही यह भी कहा जाता है कि गिरिराज जी के अलावा मां लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है जिससे घर में खुशहाली और उन्नति बनी रहती है। गोवर्धन की पूजा से आर्थिक समस्याएं और तंगी दूर होती हैं व धन धान्य और सौभाग्य की प्रप्ति होती है। इस अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में घरों में बडी धूमधाम से गोवर्धन पूजा सम्पन की गई।

# खाद न मिलने से परेशान किसानों ने की खाद की खाली बोरी की पूजा-अर्चना



**सिरोंज**। डीएपी खाद के लिए परेशान किसानों ने दीपावली के दिन खाद की बोरी की पूजा अर्चना कर आरती की। इस अवसर पर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में बासौदा नाके पर आयोजित इस पूजा कार्यक्रम में किसान नेता ने कहा कि पूरे विदिशा जिले में खाद के लिए मारामारी मची हुई है। केंद्रीय कृषि मंत्री का गृह जिला होने के बाद दो दिन पहले कृषि मंत्री ने विदिशा में बयान दिया था कि खाद अब बगैर टोकन बुक यह भी किसानों को दिया जाएगा। परंतु जिले के आला अधिकारी उनकी बात को ना सुनने को तैयार हैं ना मानने को तैयार हैं अभी भी बगैर टोकन के खाद की बुकिंग नहीं हो रही है और किसान टोकन बुक करने में इतना परेशान है कि कोई ना कोई तकनीकी खामी के चलते टोकन बुक नहीं हो रहा है। दीपावली के इस पावन दिन पर पूजा अर्चना कर किसानों ने मध्य प्रदेश के मुखिया की सद्बुद्धि की मांग की और खाद की उपलब्धता होती रहे,इस हेतु पूजा अर्चना की। इस मौके पर बलराम लोधी,चंद्र प्रकाश रघुवंशी,वीर सिंह पटेल,रामबाबू पटेल,शिवम शर्मा,नरेंद्र परसोरा,अंकित पाटीदार, रविंद्र आदि उपस्थित थे।

# वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल को नाम व पते के साथ सौंपी जामा मस्जिद की कृषि भूमि की लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉ वसीम ने जामा मस्जिद से संबंधित कृषि भूमि जो कि सिरोंज तहसील के विभिन्न गांवों में स्थित है। जिस पर कई वर्षों से कब्जेदार कब्जा करे हुए है। यह न तो जमीन का लगान जमा करते है और न ही कब्जा छोड़ रहें है। कई वर्षों से यही लोग उक्त कृषि भूमियों पर कब्जा करे हुए है। इसको लेकर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल से चर्चा करने के बाद जामा मस्जिद कमेटी के प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉ वसीम ने जामा मस्जिद कृषि भूमि पर कब्जेदारों की एक सूची,वक्फ़ बोर्ड कार्यालय में अध्यक्ष को सौंपी सूची में ग्राम का नाम,खसरा न. कब्जेदार का नाम और बकाया राशि लिखी गई है। सूची को तैयार कर वक्फ़ कार्यालय में जमा की गई है। जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बताया कि सिरोंज तहसील के ग्राम हबीबगंज, झाबे, शाइस्ताबाद, एचनवाड़ा, बरखेड़ी,अहीर खेड़ी में है। जो कुल मिलाकर 343 बीघा जमीन है। जिसपर कई वर्षों से लोग काबिज है और यह नाम मात्र 500 रुपए बीघा प्रति वर्ष के हिसाब से इनके पास है। इतना कम लगान भी इन लोगों से जमा नहीं हो रहा है। यह लोग कई वर्षों से इन जमीनों पर काबिज है। इन सब लोगों पर 19,64,042 रुपए बकाया राशि है। जो जामा मस्जिद कमेटी को इनसे वसूल करना है। नाम मात्र 17 बीघा जमीन जिन दो चार लोगों के पास है। वह लोग पैसा जमा करते है। वक्फबोर्ड की पहल और जामा मस्जिद कमेटी इन कृषि भूमि को लेकर काफी कुछ प्रयास करने में लगे है। जिनसे इन कब्जेदारों से पैसा निकाला जा सके और उस पैसे से जामा मस्जिद कमेटी द्वारा बेहतर काम किए जा सके। मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल ने जल्द से जल्द अधिकारियों को इन कब्जेदारों पर कार्यवाही करने की बता कही। इस वर्ष जामा मस्जिद की कृषि भूमि के कब्जेदारों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी। अगर इन लोगों ने लगान जमा नहीं किया तो इनसे कब्जे हटाकर वक्फ़ बोर्ड दूसरे किसी अन्य लोगों को जो जमीन का पैसा जमा करेंगे उनको जमीन दी जाएगी। जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने कहा कि अगर किसी को कृषि भूमि जो कि जामा मस्जिद की है। उसकी लिस्ट देखना चाहते हो तो जामा मस्जिद कार्यालय के बाहर लिस्ट लगा दी गई है। देख सकते है और इसमें जामा मस्जिद कमेटी की मदद कर सकते है।

# राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए नागालैंड रवाना हुए समर्थ दिनकर



**सिरोंज**। 69वी राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता कोहिमा,नागालैंड जो कि 28 से 30 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। जिसमें मध्य प्रदेश की स्कूल टीम में शामिल आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज के खिलाड़ी एवं शुभ लाभ हाई सेकेंडरी स्कूल के छात्र समर्थ दिनकर भाग लेने के लिए सागर और फिर वहीं से नागालैंड के लिए रवाना हुए। सितंबर माह में मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सागर में आयोजित 69 वी राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में समर्थ ने स्वर्ण पदक हासिल कर मध्य प्रदेश टीम में अपनी जगह बनाई थी। इसी आधार पर उनका चयन 69 वी राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता कोहिमा नागालैंड के लिए हुआ था। कोहिमा,नागालैंड में अंडर 14 बालक वर्ग की ही 69 वी राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अंडर 14 बालक वर्ग में समर्थ दिनकर वजन वर्ग अंडर 29 किलोग्राम में उक्त राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता नागालैंड में मध्य प्रदेश स्कूल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। समर्थ दिनकर ने पिछले साल 68वीं राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता विदिशा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। इस बार भी उनसे स्वर्ण पदक की उम्मीद की जा रही है। विदिशा जिला शिक्षा अधिकारी ए पी जाटव,जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी, मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ के सचिव दिलीप सिंह थापा एवं आदर्श ताइक्वांडो क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# तकनीकी प्रयोग और साइबर जागरूकता विषय पर हुआ राष्ट्रीय वेबिनार

**गढाकोटा**। सागर जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार गुणवत्ता संवर्धन प्रकोष्ठ द्वारा तकनीकी प्रयोग और साइबर जागरूकता विषय पर आयोजित की गई। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. रूपा कैथ सहा. प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय सोलन, हिमाचल प्रदेश एवं डॉ. रैना चंपावत सहायक प्राध्यापक एसएनडीटी यूनिवर्सिटी सेबी स्मार्ट और सीएसआर हेड ऑफ़ आर एसटीआईएल, मुंबई, महाराष्ट्र थी। वेबीनार के मुख्य संरक्षक डॉ. नीरज दुबे अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग सागर संभाग सागर, संरक्षक/प्राचार्य डॉ. ए.के. सिन्हा, मुख्य अतिथि के रूप में शमिक कुमार शर्मा अध्यक्ष, जन भागीदारी समिति रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वेबीनार संयोजक सुश्री आकृति खरे ने सरस्वती वंदना के साथ किया। वेबीनार की सह-संयोजक डॉ. किशोरी सोनी ने वेबीनार के उद्देश्य तथा उपयोगिता को बताया। विषय विशेषज्ञ डॉ. रूपा कैथ ने बताया कि आज की तकनीकी युग में साइबर सुरक्षा केवल एक विषय नहीं बल्कि हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है उन्होंने बताया कि किस तरह साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं के बीच हमें अपनी डिजिटल आदतों को सुरक्षित बनाना आवश्यक है, उन्होंने पासवर्ड मैनेजमेंट,डाटा प्रोटक्शन फिशिंग ईमेल्स की पहचान, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव तथा सोशल मीडिया पर जिम्मेदार व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया। मुंबई से विषय विशेषज्ञ डॉक्टर रैना चंपावत ने बताया कि आज के डिजिटल युग में वित्तीय साक्षरता हर व्यक्ति के जीवन का अनिवार्य अंग बन गई है उन्होंने निवेश, ऑनलाइन लेनदेन और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा से जुड़े कई व्यावहारिक उपाय साझा किए,विशेष रूप से उन्होंने कॉमन टाइप्स ऑफ़ फाइनेंशियल फ्रॉड जैसे फिशिंग कॉल्स, ओटीपी शेयरिंग फ्रॉड, यूपीआई स्कैम्स, केवाईसी अपडेट के नाम पर धोखाधड़ी, फेक इन्वेस्टमेंट स्कीम आदि के उदाहरण देकर यह बताया कि थोड़ी सी लापरवाही भी हमारे वित्तीय जीवन को असुरक्षित बना सकती है। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस मकरोनिया सागर से डॉ.सुनील विश्वकर्मा ने भी साइबर जागरूकता पर अपने विचार साझा किया।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा नाम नवधा लड्ढ़ा (Navadha Laddha) पुत्री श्री श्रवण लड्ढ़ा (Shravan Laddha) है, तथा मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम Navadha अंकित है तथा अब मुझे नवधा लड्ढ़ा (Navadha Laddha) के नाम से जाना एवं पहचाना जावे एवं सभी निजी एवं सरकारी प्रक्रिया में नवधा लड्ढ़ा (Navadha Laddha) के नाम से उपयोग किया जाये।

भवदीय नवधा लड्ढ़ा
पुत्री श्री श्रवण लड्ढ़ा
निवासी: खरी फाटक रोड, लड्ढ़ा एजेंसीस, विदिशा (म.प्र.) मो.7000350349





## कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित धोखेड़ा जिला विदिशा

पंजी. क्रमांक 960 दिनांक 15.10.2014

// निर्वाचन आमसभा की सूचना //

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बावत् विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 06.11.2025 दिन गुरूवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान संस्था कार्यालय दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित धोखेड़ा पर आयोजित की गई है। दिनांक 29.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक संस्था कार्यालय पर श्री मुन्नालाल साहू, सचिव द्वारा नामांकन पत्र लिये जावेगें। दिनांक 30.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 31.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। तत्पश्चात् सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी के. सी. यादव द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

(के. सी. यादव) रिटर्निंग अधिकारी
दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित धोखेड़ा जिला विदिशा

## कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित करैयाहाट जिला विदिशा

पंजी. क्रमांक 579 दिनांक 07.12.1998

// निर्वाचन आमसभा की सूचना //

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बावत् विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 06.11.2025 दिन गुरूवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान संस्था कार्यालय दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित करैयाहाट पर आयोजित की गई है। दिनांक 29.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक संस्था कार्यालय पर नामांकन पत्र लिये जावेगें। दिनांक 30.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 31.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। तत्पश्चात् सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी एम.एस. भदौरिया द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

(एम.एस भदौरिया) रिटर्निंग अधिकारी
दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित करैयाहाट जिला विदिशा

## कार्यालय दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. धीरगढ़

पं. क्र. 1345 दिनांक 03.11.2025

क्र./ निर्वाचन /आमसम्मिलन/2025/Q1 दिनांक 22.10.25

// विशेष आमसभा सूचना //

दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. धीरगढ़ के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि सोसायटी की विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 06.11.2025 को दिन के 12:00 बजे स्थान दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था धीरगढ़ कार्यालय धीरगढ़ पर आयोजित की गयी है जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय सूची - सोसायटी की उपविधि क्रमांक 7.0 के अनुसार संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन करना।

नोटः रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम एवं आमसभा की सूचना सभी सदस्यों को व्यक्तिशः प्रेषित की जा रही है।

सचिव
दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या धीरगढ़ तह. लटेरी

## कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोपीतलाई, जिला विदिशा

पंजी. क्रमांक 774 दिनांक 31.12.2010

// निर्वाचन आमसभा की सूचना //

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बावत् विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 06.11.2025 दिन गुरुवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान संस्था कार्यालय पर आयोजित की गई है। दिनांक 29.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक संस्था कार्यालय पर नामांकन पत्र लिये जावेगें। दिनांक 30.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 31.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। तत्पश्चात् अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी मनोहर रजक द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

( मनोहर रजक ) रिटर्निंग अधिकारी
महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोपीतलाई, जिला विदिशा







## थाना सांची में दिया आवेदन, घिनौने जिस्म फरोशी के धंधे को बंद कराने पुलिस अधिकारियों से की मांग

# देह व्यापार के खिलाफ सूखा करार के सरपंच ने ग्रामीणों के साथ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

विकासखंड सांची के अंतर्गत ग्राम सूखा करार में बरसों से बेड़िया समाज की महिलाएं एवं युवतियां देह व्यापार के घिनौने धंधे से जुड़ी हुई हैं। इस कुप्रथा की बेड़ियों से आजादी दिलाने का बीड़ा अब ग्राम पंचायत सूखा करार के युवा सरपंच अरविंद सिंह ने उठाया है।

सरपंच सिंह ने ग्रामीणजनों सहित थाना सांची में थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी को आवेदन देकर सूखा करार गांव से देह व्यापार का धंधा रोकने की बात कही है। सरपंच सिंह ने आवेदन के हवाले से बताया है कि ग्राम सूखा कारार में बरसों से देह व्यापार का धंधा चल रहा है, जिसे रोकने के लिए अभी तक सरकार की तरफ से सारी सुविधाएं सारी योजनाएं दी गई है। इसके उपरांत भी इस गांव से यह बरसों पुरानी जिस्म




फरोशी पुराना धंधा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस गांव के नव युवक और युवतियों को पढ़ाई करने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

हाइवे स्कूल की पढ़ाई के बाद उच्च शिक्षा की पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं। क्योंकि यह बच्चे जिस शहर में पढ़ाई करने स्कूल जाते हैं तो वहां के लोगों के द्वारा सूखा करार गांव का नाम लेकर मजाक बनाया जाता है और कुछ मनचले लड़कियों के साथ छेड़खानी भी करते हैं। इस कारण यहां के बच्चे पढ़ाई करने में भारी समस्या का सामना कर रहे हैं।

जबकि इसी गांव से निकले कुछ युवक आर्मी फौज में जाकर देश के लिए जनसेवा कर रहे हैं और कुछ बच्चे खेलकूद में गोल्ड मेडल भी ला चुके हैं। गांव वालों का कहना है कि यह घिनौना धंधा यदि बंद होता है तो हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो जाएगा।

### इनका कहना है

कानून के अंदर रहकर हम इस गांव को इस देह व्यापार और गांव के अंदर हो रहे सभी अवैध कारोबारों को जड़ से खत्म करने की कोशिश करेंगे।

**जेपी त्रिपाठी**, थाना प्रभारी सांची

### दूर-दूर से आते हैं लोग

*इस गांव में बाहर से आने वाले लोगों की अधिक जनसंख्या है और यह व्यक्ति किसी के भी घर के अंदर चले जाते हैं, जिससे छोटी-छोटी बच्चियों पर भी बुरा असर पड़ता है। गांव में अवैध शराब खुलेआम बिक रही है। हर प्रकार का अवैध कारोबार इस गांव में खुलकर पनप रहा है। इसको रोकने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच और वहां के युवाओं की अच्छी पहल और उम्दा सोच के लिए सरकार से भी साथ देने की बात कर रही है।*

## धान के उत्पादन और निर्यात को बढ़ाने कलेक्टर ने कार्ययोजना बनाने दिए निर्देश

# जिले का बासमती चावल 40 से अधिक देशों में होता है निर्यात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में बासमती धान का उत्पादन बढ़ाने और किसानों को उनकी उपज का सही दाम दिलाने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के आदेश अधिकारियों को दिए हैं।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राइस उत्पादन की उत्पादकता बढ़ाने और निर्यात को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए जमीनी स्तर पर हरेक पहलू पर कार्य किया जाएगा। धान की उत्पादकता बढ़ाने कृषि अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाएगा। जिले में मिलर्स, किसानों, एनआरएलएम और स्व-सहायता समूहों के साथ संगोष्ठियाँ आयोजित की जाएंगी।

जिले में किसानों को उन्नत और प्रमाणित बीजों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिससे धान की पैदावार में वृद्धि होगी।

### एक जिला एक उत्पाद की बने पहचान

*उल्लेखनीय है कि जिले की बासमती धान प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही दूसरे राज्यों में भी निर्यात की जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा भी एक जिला एक उत्पाद के रूप में रायसेन जिले की बासमती धान को चिन्हित करने के बाद से जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा उच्च गुणवत्ता बासमती धान के उत्पादन से लेकर विपणन तक के लिए समेकित प्रयास किए जा रहे हैं। जिले ने बासमती धान उत्पादन बासमती चावल निर्यात में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले में धान का कुल रकबा 292000 हेक्टेयर है। 243000 हैक्टेयर में बासमती धान की रोपाई की जाती है। जिले की औसत उत्पादकता 4120 किलो प्रति हेक्टेयर है।*

जिले के बासमती चावल को जियोटैग का दर्जा दिलाने की मांग क्षेत्रीय किसान संगठन एवं किसान उठा रहे है। लेकिन उनकी इन मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जिपं अध्यक्ष व कलेक्टर ने की गोवर्धन पूजन



**रायसेन।** जिले की गैरतगंज तहसील के गढ़ी स्थित गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, जनप्रतिनिधियों तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा गोवर्धन की पूजा-अर्चना की गई तथा परिक्रमा की गई। इसके उपरांत उन्होंने गाय माता की पूजन की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीणा ने कहा कि गोवर्धन और गौवंश की पूजा कर हम संसार को प्रकृति, पर्यावरण और पशुधन संवर्धन का संदेश देते हैं। यह सनातन संस्कृति की देन है। हमारी हर परम्परा और उत्सव में प्रकृति के प्रति आदर और समाज के प्रति उत्तदायित्व समाहित है। गोवर्धन पूजा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

### शहीद स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**रायसेन।** पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों के बलिदानों को किया नमन। इस अवसर पर एसपी पंकज पांडे, एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा, नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पुलिस के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे द्वारा विगत एक वर्ष में आंतरिक सुरक्षा कायम रखते हुए कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद जवानों के नाम का वाचन किया गया।

### श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकली कलश शोभायात्रा



**रायसेन।** नगर के सुप्रसिद्ध प्राचीन श्री सिद्ध हनुमान मंदिर गंज बाजार परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी पवित्र कार्तिक मास के चलते गंज बाजार महिला मंडल की ओर से साप्ताहिक श्री मद भागवत कथा का आयोजन बुधवार से भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया है। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन सुप्रसिद्ध श्रीमद् भागवत कथा वाचक पंडित मृदुल जी शास्त्री द्वारा अपनी मधुर संगीतमय वाणी के साथ बखान किया जाएगा। भागवत कथा के उपलक्ष्य में बुधवार को गंजबाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर से भव्य कलश शोभा यात्रा प्रारंभ की गई। जो महामाया चौक, रामलीला मैदान रोड होते हुए रामलीला गेट से होकर गंज बाजार मंदिर स्थल पर जाकर समाप्त हुई।


## एसडीओ रहते हैं बैठकों में व्यस्त, कौन करेगा जांच...?

# आरईएस की प्रयोगशाला में नहीं होती निर्माण सामग्री गुणवत्ता की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गांव की सरकारों में ग्रामीण अंचलों में जिला पंचायत, जनपद पंचायत और आरईएस विभाग द्वारा चल रहे भवन सड़क और अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बिल्कुल ठीक नहीं है। इसके गुणवत्ता की जांच के लिए आरईएस विभाग में एक प्रयोगशाला बनाई गई है, लेकिन जांच के अभाव में मटेरियल खराब जांच उपकरण अब आहिस्ता आहिस्ता जंग खा रहे हैं।

जिला पंचायत के अधिकारियों के मुताबिक ग्राम पंचायतों में हो रहे निर्माण कार्यों के लिए जांच की प्रक्रिया निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत की ओर से की जाती है। आरईएस और जनपद पंचायत सांची के यंत्री व उपयंत्री के जरिए आवेदन निर्धारित प्रपत्र में जिला पंचायत को प्राप्त होता है। शुल्क जमा करने के बाद आरईएस विभाग के परिसर में संचालित प्रयोगशाला में सीमेंट, रेत, कंक्रीट सहित अन्य सामग्री की गुणवत्ता जांच कराई जाती है। आरईएस विभाग के मटेरियल और जांच उपकरण देखरेख के अभाव में जंग खा रहे हैं।






### लाखों का राजस्व नुकसान

प्रयोगशाला में निर्माण सामग्री की जांच राजस्व प्राप्त करने का भी एक स्त्रोत है। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो सड़क निर्माण में लगने वाली सामग्री की संपूर्ण जांच कराई जाए तो इसके लिए निर्माण एजेंसी को 16 हजार रुपए शुल्क देना होता है। सभी निर्माण कार्यों में पूरी जांच कराई जाए तो सालाना प्रदेश सरकार को एक करोड़ से अधिक का राजस्व मिले। मटेरियल के गुणवत्ता जांच नहीं होने की स्थिति में राजस्व के नुकसान के साथ गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है।

### एसडीओ करते हैं भोपाल से अपडाउन

*बताया जाता है कि आरईएस के निर्माण कार्यों के मटेरियल गुणवत्ता की जांच का जिम्मा विभाग के एसडीओ के जिम्मे है। जिम्मेदार एसडीओ भोपाल से अपडाउन भी करते हैं, जबकि एसडीओ जिला मुख्यालय पर रहना पसंद नहीं करते। ऐसे में मटेरियल क्वालिटी की जांच रखी धूल खा रहीं हैं। इतना ही नहीं वह बैठकों में व्यस्त ज्यादा रहते हैं। बाकी समय जनपद पंचायत कार्यालय सांची के मनरेगा आफिस में गुजारते हैं। ऐसी स्थिति में जांच प्रभावित होना स्वाभाविक ही है।*

### घटिया निर्माण कार्य बयां कर रहे हकीकत

◆ जिले के गांवों की ग्राम पंचायतों में हुए निर्माण कार्य की हकीकत कम ही सामने आती है। अनदेखी का आलम यह है कि चंद दिनों में ही सड़क, भवनों की छत दीवारों के दरक जाने रोड़ का मटेरियल का उखड़ जाना घटिया निर्माण की सच्चाई के आईने को दिखा रहा है। ठेकेदारों के घटिया निर्माण और अधिकारियों की मिली भगत का आलम यह है कि कुछ ही दिनों में अब भवन खंडहरों में नजर आ रहे हैं और सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे दिखाई देते हैं।

### इनका कहना है

जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से अभी कुछ दिन पहले 200 निर्माण कार्यों की एक सूची उपलब्ध कराई गई थी। जांच के बाद पाया कि उनसे केवल 20 निर्माण कार्य में सामग्री की गुणवत्ता जांच हुई है। यह लापरवाही निर्माण एजेंसी स्तर पर होती है।

**शरद तंतुवाय**, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर, आरईएस।

### इनका कहना है

5 लाख रुपए से अधिक बजट वाले सभी निर्माण कार्यों में सामग्री की जांच कराई जाती है। जांच रिपोर्ट लगे होने के बाद ही भुगतान कराया जाता है। कितने कार्य हुए और कितनी जांच हुई। इसके बारे में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ही बता पाएंगे।

**मनोज उपाध्याय**, प्रभारी जिपं सीईओ

# दीपावली मिलन, पत्रकारों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी के निवास पर दीपावली मिलन समारोह में नगर के पत्रकारों का सम्मान किए जाने के साथ नपं. अध्यक्ष द्वारा उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर नपं. अध्यक्ष चौधरी ने पिछले तीन-साढ़े तीन वर्षो में नगर में करोडो रू. से बनने वाली सीसी सडक़ों, शौचालयों, नालियों के साथ अन्य विकास कार्यो की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि परिषद में सभी कार्यो के प्रस्ताव सर्व सम्मति से लेना सबसे बडी उपलब्धी रही कहा कि फोरलेन 45 पर स्ट्रीट लाइटें लगाने और लगभग 2 लाख रू. प्रतिमाह खर्च उठानें का निर्णय जनहित में लिया गया है।

### पत्रकारों की भूमिका

पत्रकारों के सम्मान एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम की शुरूआत में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिढ़ुआ ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से बदलाव आया है। पत्रकारिता में भी परिवर्तन हुआ है, बिढ़ुआ ने कहा कि कोई जन प्रतिनिधी नपं. अध्यक्ष पत्रकारों को आमंत्रित कर उनकी सेवाओं का सम्मान करें यह बड़ी बात है। कहा कि पत्रकारों को भी अपनी लेखनी की धार तेज करने कभी-कभी साथ बैठना और चर्चा करना भी जरूरी है। पत्रकारों की ओर से नपं. अध्यक्ष चौधरी का धन्यवाद व्यक्त किया।

## गोवर्धन पूजन एवं गो-सेवक सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

परंपरागत आस्था और भक्तिभाव के साथ श्रीराधे कृष्णा गौशाला डाबरी (नगपुरा) में गोवर्धन पर्वत एवं गोमाता का पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा गोमाताओं को खीर-पूड़ी का भोग लगाकर श्रद्धा पूर्वक पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम के गोसेवकों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ



समाजसेवी राकेश खरे, विक्रम शाह, अमित शुक्ला, डॉ आर एन रघुवंशी, सर्वेश खरे, भूपेंद्र ठाकुर सरपंच, रमेश शाह सचिव, गुलाब सिंह, सब्बुलाल द्वारा किया गया।

# जैन समाज की गौशाला में हुआ गोवर्धन पूजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

फोरलेन-45 पर ग्राम समनापुर जांगीर में स्थित आचार्य विधा सागर जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण गौशाला में जैन समाज द्वारा गोवर्धन पूजन का कार्यक्रम क्षेत्र के विधायक एवं राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री पटेल द्वारा परिसर में बने संत भवन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में चंद्रकुमार जैन, नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, नेपाल सिंह राजपूत, अवनीश पालीवाल, अभिषेक राजपूत के साथ जैन समाज के लोगों की भारी उपस्थिति रही।

**खास बातें**

- गौ सेवा का अवसर भी पूर्व जन्मों के अच्छे कर्मो से प्राप्त होता है- राज्यमंत्री पटेल
- गौशाला परिसर में संत भवन का हुआ लोकार्पण



### गौ सेवा का अवसर पूर्व जन्मों के अच्छे कर्मो से प्राप्त होता है

*राज्यमंत्री पटेल द्वारा गोवर्धन पूजन विधि विधान से की गई। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि गौशाला से पूर्व से जुड़ा हुआ हूँ, कहा कि किसी भी कार्य में नियम अनुशासन से हो इसमें विश्वास रखता हूँ। गौ सेवा का अवसर भी पूर्व जन्मों के अच्छे कर्मो से प्राप्त होता है। जो लोग सक्रियतापूर्वक कार्य कर रहे है, वह सौभाग्यशाली है। सरदार शीतल द्वारा 51 सौ की राशि दान में दी गई। कार्यक्रम के दौरान गायों की सुरक्षा, भूसा, चारा कैसे उपलब्ध हो इस पर सुझाव और चर्चा भी हुई।*

### राज्यमंत्री पटेल ने गौ पूजन किया

नगर के पशु चिकित्सालय प्रांगण में संचालित सूर श्याम गौशाला में पहुंचे राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा गायों की पूजन की गई। घायल गायों की हो रही सेवा उपचार की व्यवस्था को देखा, सेवादारों को सम्मान राशि दिए जाने की घोषणा की।

## मां रक्तदंता की पूजन, ढालों के साथ परिक्रमा का आदिवासी लोकोत्सव

### गांवों के ओझा, पंडा एवं गुनिया लंबे बांस पर मोरपंखों से बनी रंग बिरंगी ढाल लेकर मढई मेला में होते हैं शामिल

# 500 वर्षों पुरानी परंपरा दीपावली की दूज पर ढालों के साथ भरती मढ़ई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के साथ तहसील के अनेक ग्रामों एवं प्राचीन ऐतिहासिक ग्राम जामगढ़ भगदेई में दीपावली की दूज पर 500 वर्षो पुरानी आदिवासी परंपरा आज भी जीवंत बनी हुई है। गांगो देवी के मढ़ई मेला में गांवो से पंडा ओझा, गुनिया रंग बिरंगी ढालों के साथ आते है। ढालों के नृत्य के साथ परिक्रमा कर विवाहोत्सव की रस्म निभानें की परंपरा है।

विन्ध्यांचल पर्वत में आज भी भारी संख्या में आदिवासी निवास करते है। अनेक ग्रामों की पूरी आबादी आदिवासी समाज की है। परंतु अब आदिवासी समाज के लोगों की घटती जन संख्या चिंता का विषय बन रही है।

जामगढ़ के समाजसेवी पं. कमल किशोर शर्मा ने बताया कि मढ़ई मेला में मरई माता, गांगो देवी के रूप में देवी रक्तदंता जो कि अहिरावण की आराध्य देवी थी की पूजन की जाती है, जिसका उल्लेख कामाख्या तंत्र में मिलता है। जिस ग्राम में मढई भरती है, वह देवीय प्रकोप महामारी, अविष्कारी तांत्रिक प्रकोपों से देवी रक्तदन्ता रक्षा करती है।

मढ़ई मेला में मरई माता, गांगो देवी के रूप में अहिरावण की आराध्य देवी रक्तदंता की पूजन की जाती है।



**परंपरा : भाई दूज पर नदी रोड पर भरती है मढ़ई**

◆ बरेली नगर मे सदियों से दीपावली की दूज पर मढ़ई भरने की परंपरा है। नदी रोड पर भरने वाली मढ़ई में नगर के अलावा आसपास के दर्जनों ग्रामों से रंग बिरंगी ढालों का आगमन होता है। नगर के आदिवासी समाज के परिवारों की महत्वपूर्ण सक्रिय भूमिका रहती है। मढ़ई में दशकों तक भारी संख्या में दुकानें लगती थी, अब दुकानों की संख्या कम हो रही है।

### ढालों के साथ नृत्य विवाहोत्सव

दूज पर ग्रामों से ओझा, पंडा, गुनिया एक विशेष बाना (कपडे पहन कर) लम्बे बांस पर मोरपंखो से बनी रंग बिरंगी ढाल लेकर मढई मेला में आते है। गांगो देवी की परिक्रमा कर विवाहोत्सव की रस्म निभानें के साथ ढाल के साथ लोक नृत्य गायन भी करते है। गांगो माता का विवाह ढालों से होता है, ढालें देवताओं के नाम से बांधी जाती है। जामगढ़ में भरने वाले मढई मेला में विन्ध्यांचल पर्व में बसे दो दर्जन से अधिक ग्रामों से आदिवासी, हरिजन समाज के साथ ग्रामीणों की भारी संख्या उपस्थिति होती है। ग्रामीणों द्वार लगी दुकानों से अपनी जरूरत का सामान भी खरीदा जाता है।


# गोवर्धन पर्व पर गौ माता को साज सज्जा कर की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

दीपावली के दूसरे दिन परंपरागत रूप से गोवर्धन एवं गौ पूजा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन ग्रामीण अंचलों में मां मवेशियों यानी गाय, बैल, बछड़े-बछियाओं की विशेष पूजा की जाती है। लोग सुबह-सुबह अपने मवेशियों को नहलाते हैं, उनके सींगों पर रंग और तेल लगाते हैं, और फूल-मालाओं से सजाते हैं। इसके बाद उन्हें गुड़, चना, और रोटियां खिलाई जाती हैं।

गोवर्धन पूजा का पर्व हर साल धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया जाता है। यह दीपावली के दूसरे दिन मनाया जाता है, जिसे अन्नकूट पूजा भी कहते हैं। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाया था।

पंडित चंद्र मोहन तिवारी बताते हैं कि कई गांवों में गोवर्धन पूजा



त्योहार में एक ख़ास तरह का भोजन बनाया जाता है जो एक खास दिन ही बनाया जाता है। दरअसल, दीवाली की रात चना दाल और चावल बनाना जरूरी होता है। भले ही आपके घर में कितने भी व्यंजन बन जाएं लेकिन चना की दाल और चावल बनाना जरूरी है।

किसान मानते हैं कि मवेशी उनकी मेहनत के साथी हैं, इसलिए इस दिन उन्हें धन्यवाद स्वरूप पूजन किया जाता है। कई जगहों पर गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतिमा बनाकर उसकी भी पूजा की जाती है।